COUNTERING TERRORISM

secure NSW

## सुरक्षितएनएसडब्ल्यू (secureNSW)

**secureNSW** न्यू साउथ वेल्ज़ सरकार की वेबसाइट है जो कि न्यू साउथ वेल्ज़ में आतंकवाद-विरोध के बारे में जानकारी प्रदान करती है। वेबसाइट पर दी गई कुछ जानकारी का अनुवाद नीचे दिया गया है।

### आपातकाल और महत्वपूर्ण फ़ोन नंबर

यह महत्वपूर्ण है कि आपको उन फ़ोन नंबरों की जानकारी हो जिन पर आप आतंकवाद-विरोध के संबंध में फ़ोन कर सकते हैं, और यह भी कि कब फ़ोन करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया भर में, तीन शून्य **(000)**, राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन और अपराध रोकने वालों (Crime Stoppers) को किसी भी फ़ोन से नि:शुल्क फ़ोन किया जा सकता है, और वे दिन के **24** घंटे, सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं। यदि आप अँग्रेजी में अच्छी तरह से बात नहीं कर सकते हैं, तो ऑपरेटर लाईन पर शामिल होने के लिए दुभाषिए का प्रबंध कर देंगे।

पुलिस सहायता लाइन या सामुदायिक संपर्क यूनिट से संपर्क करने के लिए - यदि आप अँग्रेजी में अच्छी तरह से बात नहीं कर सकते हैं, तो आप **13 14 50** पर अनुवाद और दुभाषिया सेवा को फ़ोन कर सकते हैं और उनसे नीचे दिए गए नम्बरों में से किसी पर भी दुभाषिए की सहायता से फ़ोन करने के लिए कह सकते हैं।

### आपातकालीन नंबर

- आपातकाल में **000** (तीन शून्य) पर फ़ोन करें

  पुलिस, अग्नि-शमन (फ़ायर ब्रिगेड) या एम्बुलेंस से तत्काल सहायता के लिए **000** पर फ़ोन करें। ऑस्ट्रेलिया भर में किसी भी फ़ोन से, उन मोबाइल फ़ोनों से जिनका कनेक्शन कट चुका है या सार्वजनिक फ़ोन से **000** पर फ़ोन करना नि:शुल्क है।

### महत्वपूर्ण नम्बर

- राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन (National Security Hotline) - **1800 1234 00**

  यदि आप चिंतित हैं कि किसी ऐसे व्यक्ति को उग्र सुधारवादी बनाया जा रहा है जिसे कि आप जानते हैं तो, या किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आतंकवाद से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन से **1800 1234 00** पर तुरंत संपर्क करें। सभी जानकारी गोपनीय है और आप गुमनाम रह सकते हैं। आप हॉटलाइन को **hotline@nationalsecurity.gov.au** पर ईमेल भी भेज सकते हैं

- अपराध रोकने वाले (Crime Stoppers) - **1800 333 000**

  ऐसे अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए जो कि रिपोर्ट करने के समय नहीं किए जा रहे हैं और/या उनका कोई ज्ञात अपराधी नहीं है (जैसे कि तोड़ना और प्रवेश करना, दुर्भावना से क्षति पहुँचाना, चोरी, छोटी-मोटी कार दुर्घटनाएँ) तो क्राइम स्टॉपर्स को **1800 333 000** पर फ़ोन करें। यह सूचना गुमनाम रह कर दी जा सकती है।

| पुलिस, फ़ायर ब्रिगेड या एम्बुलेंस | राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन | अपराध रोकने वाले |
|---|---|---|
| **000** | **1800 1234 00** | **1 800 333 000** |
| आपातकाल में | संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें | गुमनाम रह कर अपराध की रिपोर्ट करें |

- पुलिस से सामान्य पूछताछ के लिए - 131 444

  यदि आप पीड़ित व्यक्ति हैं या रिपोर्ट करना चाहते हैं या पुलिस से सामान्य पूछताछ करना चाहते हैं और कोई आपात स्थिति नहीं है तो कृपया पुलिस सहायता लाइन (Police Assistant Line) से 131 444 पर संपर्क करें।

  जब एक बार ग्राहक सेवा प्रतिनिधि द्वारा आपकी रिपोर्ट पूरी तैयार कर दी जाती है तो, आपकी जानकारी आपकी स्थानीय पुलिस को तुरंत उपलब्ध हो जाती है।

## क्या आप आतंकवाद विरोधी मामलों के संबंध में पुलिस से बात करना चाहेंगे?

एनएसडब्ल्यू पुलिस बल सामुदायिक संपर्क यूनिट (The NSW Police Force Community Contact Unit) को आतंकवाद विरोधी मुद्दों पर समुदाय के साथ जोड़ने के लिए बनाया गया है। यूनिट का उद्देश्य समुदाय की चिंताओं के बारे में पुलिस की समझ को बढ़ाना, और न्यू साउथ वेल्ज़ में आतंकवाद-विरोध के लिए की गई व्यवस्था के बारे में जनता की समझ में वृद्धि करना है।

यदि आपके समुदाय का कोई समूह सामुदायिक संपर्क यूनिट से विचार-विमर्श करना चाहता है या यूनिट के साथ मीटिंग की व्यवस्था करना चाहता है तो कृपया (02) 9919 9288 पर फ़ोन करें या आप CTSTCCU@police.nsw.gov.au पर ईमेल कर सकते हैं।